HUMBLY DEDICATED TO
SRILA PRABHUPADA

# हिंगोनिया दर्शन

श्री कृष्ण बलराम सेवा ट्रस्ट, जयपुर


SKBT
SRI KRISHNA BALRAM
SEVA TRUST

नगर निगम, जयपुर

18,000+ गौवंश

नमो ब्रह्मण्य-देवाय गौ-ब्राह्मण-हिताय च। जगद्धिताय कृष्णाय गोविन्दाय नमो नमः।।

द्विभाषी मासिक ई-पत्र | सितम्बर 2024




श्री कृष्ण बलराम सेवा ट्रस्ट, जयपुर

+91 91166 12180 hingonia_goshala hingonia.org



SKBT
SRI KRISHNA BALRAM
SEVA TRUST

# हिंगोनिया गौ पुनर्वास केंद्र

## श्री कृष्ण बलराम सेवा ट्रस्ट

# विषय सूची


1 श्री आशीष जोशी, IAS, CBG प्लांट विजिट

2 श्री जितेन्द्र सोनी, IAS, कलेक्टर जयपुर विजिट

3 श्री डी. भट्टाचार्य, ED, CBG प्लांट विजिट

4 अन्तराष्ट्रीय यू ट्यूबर, हैरी विजिट

5 हरे कृष्णा मूवमेंट, कोटा विजिट

6 श्रीमती मोहिनी देवी (सुरभि नारी शक्ति) जन्मदिन सेलिब्रेशन

7 बीमार एवं दुर्घटनाग्रस्त गौवंश की सेवा

8 श्री कृष्ण गौसेवा संस्था द्वारा गोवंशो हेतु शेड का निर्माण NEW UPDATE

9 ओम प्रमिला स्टॉक्स प्रा. लि. द्वारा चारा ठान का निर्माण NEW UPDATE

10 RKPC वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा निर्मित शेड का उद्घाटन NEW UPDATE

11 गौवंशों को गुड़ खिलाकर मनाया पुत्र का जन्मदिन

12 पार्केश्वर ग्रुप द्वारा गौसेवा

13 गलता गौसेवा ग्रुप द्वारा गौसेवा

14 गौसेवेकों द्वारा गौशाला में गौसेवा

15 श्री विश्वकर्मा जयंती पूजा

16 गौसेवा की कुछ झलकियाँ सोशल मीडिया पर

17 गौसेवा तालिका, अकाउंट & QR कोड

# श्री आशीष जोशी, IAS, CBG प्लांट विजिट



**श्री आशीष जी जोशी**, IAS संयुक्त सचिव, जनरल पार्टनर (GP), पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (MoPNG) द्वारा IOCL टीम के साथ हिंगोनिया गौशाला में CBG प्लांट में हो रहे CNG गैस के निर्माण की प्रक्रिया, गैस की शुद्धता एवं प्लांट के विकास कार्यों की जानकारी ली!







इस अवसर पर माननीय द्वारा गायों को हरा चारा एवं गुड खिला करके गौसेवा की, एवं CBG गैस प्लांट पर पौधारोपण भी किया!



# श्री जितेन्द्र सोनी, IAS, कलेक्टर, जयपुर विजिट



**श्री जितेन्द्र सोनी**, IAS, कलेक्टर, जयपुर द्वारा हिंगोनिया गौ पुनर्वास केंद्र का दौरा कर, गौशाला में हो रहे विकास कार्यों एवं पशुधन की वास्तविक स्तिथि का अवलोकन किया!



CBG प्लांट विजिट



इस अवसर पर माननीय द्वारा वृक्षारोपण कर, पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने का सन्देश आमजन को दिया!



माननीय, हिंगोनिया गौ पुनर्वास केंद्र स्थित पशु चिकित्सालय एवं इमरजेंसी वार्ड का अवलोकन करते हुए!



विभिन्न बाड़ों एवं में नंदीशाला में गौवंशों की वास्तविक स्तिथि का अवलोकन करते हुए!

# श्री डी. भट्टाचार्य, ED, IOCL विजिट



**श्री डी. भट्टाचार्य**, ED (प्रौद्योगिकी कार्यान्वियन कक्ष) IOCL, अनुसंधान एवं विकास केंद्र, फ़रीदाबाद द्वारा IOCL टीम के साथ हिंगोनिया गौशाला में CBG प्लांट में हो रहे CNG गैस के निर्माण की प्रक्रिया एवं प्लांट में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी ली!















माननीय द्वारा CBG प्लान्ट में वृक्षारोपण करने के पश्चात गौशाला का अवलोकन भी किया एवं गायों को हरा चारा एवं गुड खिला करके गौसेवा की!

## अन्तराष्ट्रीय यू ट्यूबर, हैरी :



अन्तराष्ट्रीय यू ट्यूबर, हैरी **(बाली, इंडोनेशिया)** द्वारा हिंगोनिया गौशाला का विजिट किया!



प्रकृति एवं गौवंशों के इतना करीब यह उनका पहला अनुभव था, भारत भ्रमण में हिंगोनिया गौशाला को विजिट करके बहुत गौरवान्वित महसूस किया और गौमाता पर YOUTUBE डाक्यूमेंट्री बनाने का निर्णय लिया!








# हरे कृष्णा मूवमेंट, कोटा, विजिट



**हरे कृष्णा मूवमेंट, कोटा** द्वारा भक्तों द्वारा बड़ी संख्या में हिंगोनिया गौशाला का भ्रमण कर गौवंशों को हरा चारा खिला कर सेवा की एवं प्रसादम का आनंद उठाया! सभी ने इतने बड़े स्तर की एवं व्यवस्थित गौशाला को देखकर, बहुत सरहाना की!







## सुरभि नारी शक्ति संस्था :




सुरभि नारी शक्ति संस्था की मुख्य पदाधिकारी **श्रीमति मोहिनी देवी जी** को जन्मदिवस की हार्दिक शुभ कामनाएं! श्रीमति मोहिनी देवी जी ने अपना जन्मदिन संस्था के सभी सदस्यों एवं उच्च पदाधिकारियों के साथ हिंगोनिया गौशाला स्तिथ कृष्ण मंदिर में भजन कीर्तन एवं गौवंशों को हरा चारा खिलाकर धूमधाम से मनाया!

इस अवसर पर संस्था द्वारा सभी गौसेवकों को पुरस्कृत कर सम्मानित भी किया गया, जो लम्बे समय से निरंतर संस्था के साथ मिलकर गौरक्षा हेतु अपना योगदान दे रहे हैं!










# बीमार एवं दुर्घटनाग्रस्त गौवंश की सेवा



हिंगोनिया गौ पुनर्वास द्वारा संचालित पशु अस्पताल में, निगम द्वारा लाये गए बुढे, दुर्घटनाग्रस्त, आवारा, लावारिस एवं बीमार गौवंशो का इलाज निरंतर अनुभवी चिकित्सा कर्मियों एवं नर्सिंग स्टाफ द्वारा हो रहा है!

अच्छे इलाज के बाद इनको सम्भंदित वार्ड में शिफ्ट किया जाता है जहाँ इनके पोषण का सम्पूर्ण ध्यान रखा जाता है! पूर्णतया स्वस्थ होने के बाद अन्य गौवंशों के साथ बाड़ों में रखा जाता है!









## राधा गोविन्द धाम :




# श्री कृष्ण गौसेवा संस्था

**श्री ओम प्रकाश जी मोदी** द्वारा समर्थित 200 गौवंशो क्षमता का 120 Feet X 90 Feet के कुल पांच अत्याधुनिक बाड़ों का निर्माण कराया जा रहा है! यहाँ प्रत्येक बाड़े में 200 गौवंशो हेतु चारे के लिए ठान एवं पानी के लिए खेल का निर्माण कार्य प्रगति पर है!

## CMD ओके प्लस बिल्डर्स & डेवलपर्स







संस्था से जुड़े सभी गौसेवक नियमित रूप से गौशाला आकर हरा चारा ट्राली विभिन्न बाड़ों में डलवाते हैं, जिससे एक बड़ी मात्रा में गौवंश लाभान्वित होता है!



## नंदी शाला :




# ओम प्रमिला स्टॉक्स प्रा. लि.

के सौजन्य से, नंदीशाला में नंदियो के लिए 288 फीट लम्बाई की पक्की चारे की ठान निर्माण का कार्य प्रगति पर है, जिसका उपयोग कर सभी गौवंशो को चारे का वितरण सुविधाजनक रूप से होगा, एवं सभी गौवंश लाभान्वित एवं स्वस्थ रहेंगे!

## चारे की ठान का कार्य प्रगति पर!









## गौसेवकों द्वारा गौसेवा :



गौसेवको द्वारा हिंगोनिया गौशाला में प्रत्येक शनिवार, रविवार, अमावस्या, पूर्णिमा और विशेष अवसरों पर नियमित रूप से कई गौसेवक यहां गायों को हरा चारा खिलाकर और गायों को गुड़ खिलाकर उनकी सेवा करते हैं! आप भी हिंगोनिया गौशाला पधारें और गौमाता का आशीर्वाद प्राप्त करें!

यत्र गाव: प्रसन्नाः स्युः प्रसन्नास्तत्र सम्पदः ।
यत्र गावो विषण्णाः स्युर्विषण्णास्तत्र सम्पदः ॥

**अर्थात्**

जहां गायें खुश होती हैं, वहां समृद्धि होती है।
जहाँ गौएँ दुःखी होती हैं, वहाँ विपत्ति होती है।

#source: Google





# विष्णु सदन :

## राजकंवर प्रकाश चंद्र अग्रवाल

RKPC वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा गौशाला में गौमाता हेतु बनवाए गए
नए आवास **विष्णु सदन** का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया! इस अवसर पर
नरसिम्हा यज्ञ कर गौमाता का आशीष लेकर सदन का शुभाआरम्भ किया गया! इस कार्य हेतु
RKPC संस्था को, समस्त हिंगोनिया परिवार की तरफ से हार्दिक धन्यवाद!
भगवान कृष्ण एवं गौमाता का आशीष आप पर सैदेव बना रहे!

**कच्चा फ़र्श : 64,400 Sqft | चारा ठान : 476 Rft | क्षेत्रफल : 75,000 Sqft | वृक्ष ट्री गार्ड सहित : 82**
**पक्का फ़र्श : 8,500 Sqft | पेयजल : 18,000 Ltr | शेड : 10,600 Sqft | कुल लाभान्वित गौवंश : 500**







# भव्य शुभारंभ


हिंगोनिया गौशाला
RKPC
AGARWAL WELFARE TRUST
राज कँवर प्रकाशचंद्र अग्रवाल वेलफेयर ट्रस्ट
द्वारा गौसदन का निर्माण एवं रखरखाव








Video

## 56 भोग (महिला मंडल) :



**महिला मंडल, निर्माण नगर जयपुर** द्वारा हिंगोनिया गौशाला में 56 भोग का आयोजन किया गया! इस अवसर पर मंडल की सभी महिलाओं द्वारा कृष्ण मंदिर में भजन कीर्तन किये गए एवं बाड़ों में जाकर गायों को हरा चारा खिलाकर और गायों को गुड़ खिलाकर उनकी सेवा की तत्पश्चात सभी ने मिलकर मंदिर प्रांगण में भोजन प्रसादी का आनंद लिया!







# गौवंशो को गुड़ खिलाकर मनाया जन्मदिन :




गौसेवक **श्री विशाल जी सोनी** ने अपने सुपुत्र का जन्मदिन हिंगोनिया गौशाला में सपरिवार गौवंशो को **48 पेटी गुड़** खिलाकर मनाया और सभी गौ सेवको को गौसेवा की एक नयी प्रेरणा दी! गौसेवा करके सभी परिवारजन बहुत आनंदित एवं खुश हुए!

आप भी अपने परिवार के सदस्यों एवं प्रियजनों के साथ हिंगोनिया गौशाला आयें और उनके जन्मदिवस या सालगिरह यहाँ गौ सेवा करके मनाएं!









## गलता गौसेवा ग्रुप द्वारा गौसेवा सन्देश :



श्री रामोतार जी चौहान द्वारा संचालित **गलता गौसेवा ग्रुप** ने हिंगोनिया गौशाला में समस्त गौ भक्तों के सहयोग से गौवंशों को हरा चारा खिलाकर गौमाता का आशीष प्राप्त किया और प्रसादी का आनंद उठाया! यह ग्रुप पिछले 14 वर्षों से निरंतर गौसेवा हेतु कार्यरत हैं! भगवान श्री कृष्ण जी के आशीर्वाद से ग्रुप में सदस्यों की संख्या बढती जा रही है!





# पार्केश्वर गौसेवा ग्रुप द्वारा गौसेवा :





श्री कैलाश जी शर्मा द्वारा संचालित **पार्केशवर गौसेवा ग्रुप** ने हिंगोनिया गौशाला में समस्त गौ भक्तों के सहयोग से गौवंशों को हरा चारा खिलाकर गौमाता का आशीष प्राप्त किया और प्रसादी का आनंद उठाया! यह ग्रुप पिछले 10 वर्षों से निरंतर गौसेवा हेतु कार्यरत हैं!

ग्रुप का उद्देश्य अपने बच्चों, नवयुवको एवं आने वाली पीढ़ी को भी गौसेवा के लिए प्रेरित करना है!







# श्री विश्वकर्मा जयंती पूजा :





श्री विश्वकर्मा जी को दुनिया का पहला वास्तुकार और इंजीनियर माना जाता है। इस दिन लोहे के समानों, मशीनों और दुकानों की पूजा होती है ताकि काम में आ रही अड़चने दूर हों और कार्यों में सफलता मिले। गौशाला स्तिथ **CBG प्लांट वर्क शॉप** में श्रमिको एवं स्टाफ द्वारा सभी यंत्रो, मशीनों, औजारों  की विधिवत पूजा कर उपस्थित सभी कर्मचारियों को प्रसाद वितरित किया गया!







# प्रसादम :





हिंगोनिया गौशाला में किसी भी दिन, यहाँ आकर गौवंशों की सेवा करने वाले गौ भक्तों के लिए, सुबह एवं शाम के समय भोजन प्रसादी की व्यवस्था **निशुल्क:** की जाती है!









## गौमय उत्पाद - दीपक :




हिंगोनिया गौशाला में गौमय उत्पाद की श्रेणी में **गोबर से बने दीपकों** का निर्माण कार्य प्रगति पर है! दीपावली के महापर्व हेतु इनका निर्माण कर गौवंशो के महत्त्व को इंगित करता है!

- गाय के गोबर द्वारा निर्मित यह पूरी तरह से प्राकृतिक एवं पर्यावरण अनुकूल है।
- इसका उपयोग मिट्टी या अन्य प्रकार के दीपकों के स्थान पर किया जा सकता है।
- गाय के गोबर द्वारा निर्मित होने के कारण, प्रयोग में लेने के बाद इनको तोड़कर गमलों की मिट्टी में खाद के रूप में काम लिया जा सकता है!















## श्रील प्रभुपाद का सन्देश :

केवल वे जो संदेह से ऊपर हैं, वे दूसरों का न्याय कर सकते हैं! व्यक्ति को इस तरह से कार्य करना चाहिए कि वह हमेशा संदेह से ऊपर रहे! फिर वह न्याय कर सकता है, फिर वह प्रचार कर सकता है!

श्रील प्रभुपाद: - पत्र- 17 दिसंबर 1972



हरे कृष्ण हरे कृष्ण
कृष्ण कृष्ण हरे हरे
हरे राम हरे राम
राम राम हरे हरे॥



# Srila Prabhupadas' movies

"प्रामाणिक आचार्य इस भौतिक में भगवान कृष्ण के प्रतिनिधि होते हैं और
वे अपने निजी आचरण के द्वारा लोगों को कृष्ण भक्ति की शिक्षा देते हैं"

## Part 1 | SHORT FILM
SCAN to view

## Part 2 | SHORT FILM
SCAN to view

## Part 3 | FULL MOVIE
SCAN to view



कृष्ण चेतना में उत्थान संभव है!
शुद्ध भक्तों का संघठन, "भ्रम से उद्धार" कर सकता है!

# अपनी गौसेवा की झलकियों को हमारे साथ सोशल मीडिया पर शेयर करें, और गौ सेवा की प्रेरणा दें!

## हमें टैग करें!









# गौ सेवा तालिका

| क्र. | सेवा विवरण | ₹ |
|---|---|---|
| 1 | हरा चारा ट्राली | 5,100 |
| 2 | 1 TMR चारा (सूखा+हरा+बाँट) | 7,500 |
| 3 | 1 गाय की 1 वर्ष की सेवा | 12,000 |
| 4 | गौदान | 21,000 |
| 5 | हरे चारे का ट्रक | 51,000 |
| 6 | सूखे चारे का ट्रक | 1,08,000 |


*हरा चारा (2.5₹/Kg)

## ACCOUNT DETAILS:

**A/C Name:** Sri Krishna Balram Seva Trust
**A/C Number:** 2281221641901461
**IFSC Code:** AUBL0002216

**Branch Name:**
AU Small Finance Bank, Pratap Nagar, Jaipur

## QR CODE:




जय गौमाता
जय गोपाल




SKBT
SRI KRISHNA BALRAM
SEVA TRUST
to Donate, please visit
www.hingonia.org
Contact | +91 9257020721
HINGONIA COW
REHABILITATION CENTRE
Serving 18,000 + cows